**BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI LUDHIANA**

**12.05.25**

**Class7  Hindi assignment no1(answer key)**

1)निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(4)

कार्य का महत्त्व और उसकी सुंदरता उसके समय पर संपादित किए जाने पर ही है। अत्यंत सुघड़ता से किया हुआ कार्य भी यदि आवश्यकता के पूर्व न पूरा हो सके तो उसका किया जाना निष्फले ही होगा। चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा।उसके देर से किए गए उद्यम का कोई मूल्य नहीं होगा। श्रम का गौरव तभी है जब उसका लाभ किसी को मिल सके। इसी कारण यदि बादलों द्वारा बरसाया गया जल कृषक की फ़सल को फलने-फूलने में मदद नहीं कर सकता तो उसका बरसना व्यर्थ ही है। अवसर का सदुपयोग न करने वाले व्यक्ति को इसी कारण पश्चाताप करना पड़ता है।

**(क)** जीवन में समय का महत्त्व क्यों है**?**
(i) समय काम के लिए प्रेरणा देता है।
(ii) समय की परवाह लोग नहीं करते।
(iii) समय पर किया गया काम सफल होता है।
(iv) समय बड़ा ही बलवान है।

**(ख)** खेत का रखवाला उपहास का पात्र क्यों बनता है**?**
(i) खेत में पौधे नहीं उगते।
(ii) समय पर खेत की रखवाली नहीं करता।
(iii) चिड़ियों का इंतजार करता रहता है।
(iv) खेत पर मौजूद नहीं रहता।।

**(ग)** बादल का बरसना व्यर्थ है**,** यदि
(i) गरमी शांत न हो।
(ii) फ़सल को लाभ न पहुँचे
(iii) किसान प्रसन्न न हो
(iv) नदी-तालाब न भर जाएँ

**(घ)** गद्यांश का मुख्य शीर्षक क्या है**?**
(i) बादल का बरसना
(ii) चिड़ियों द्वारा खेत का चुगना
(iii) किसान का पछतावा करना
(iv) समय का सदुपयोग

2)निर्देशानुसार उतार दीजिए।(8)

1)‘ राष्ट्र’ शब्द का वर्ण- विच्छेद कीजिए।

र्+आ+ष्+ट्+र+अ

2)'पतिष्ठा' शब्द में र का रूप लगाए।(प्रतिष्ठा )

3)' भड़कीला' शब्द मे  मूल शब्द लिखे।(भड़क )

4)'कुरूप' शब्द में उपसर्ग और मूल शब्द अलग करें।

'कु -उपसर्ग ,रूप'-मूल शब्द

5)वीर शब्द का जातिवाचक से भाववाचक संज्ञा में बदले।(वीरता)

6) टोकरी में क्या रखा है? सर्वनाम का भेद बताएँ।

प्रश्नवाचक सर्वनाम

7)चंद्रमा शब्द का पर्यायवाची नहीं है-

चाँद ,हिमांशु ,चंद्र ,सितारा

8)अधिक बोलने वाला (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखे) (वाचाल)

3) प्रश्न का उत्तर दीजिए।(3)

क) नदियों से होने वाले लाभों के विषय पर तीन चार पंक्तियाँ लिखिए।

नदियों से होने वाले लाभ

- नदियाँ मनुष्य से लेकर पशु-पक्षियों और जानवरों सब के लिए बहुत लाभदायी है|
- नदियों से हमारा जीवन हरा भरा है। ...
- नदियाँ खेती करने के लिए हमारी मदद करती है | अनाज उगाने के लिए हमें पानी देती है| खेतों की सिंचाई करने के लिए हमें नदियों का उपयोग करते है|